उत्तराखण्ड शासन

वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग-1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

वर्ष

2006-07

प्रतिवेदक: निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह-स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय सूची

भाग-1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

(1) प्रशासनिक खण्ड

क्र०सं०	विवरण	कण्डिका	पृष्ठ संख्या
1-	विभागीय प्राधिकार के श्रोत	2.1	1-2
2-	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1-3.2	2
3-	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1-4.2	2-4
4-	प्रभागीय आय-व्ययक	5.1 से 5.3	4
5-	प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1-6.2	4
6-	प्रभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1 से 7.4	5-6
7-	प्रभाग की जनशक्ति	8	6
8-	स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	6-7
9-	सम्परीक्षा में उद्घघाटित अनियमिततायें	10.1.1	7
10-	विशेष सम्परीक्षायें	10.1.2	7
11-	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1-2.2	7-8
12-	जिला पंचायतें, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	13	9
13-	निष्कर्ष	--	9
(2)	कार्यकारी खण्ड	-	10
(3)	परिशिष्ट,क,ख,ग,घ,ड.,च,छ व ज	-	41-56

1- प्रशासनिक खण्ड

भारतीय संघ के अधीन 09 नवम्बर, 2000 से उत्तरांचल राज्य का गठन हुआ। उत्तरांचल शासन ने वित्त विभाग का संगठनात्मक ढांचे का अनुमोदन करते हुए वित विभाग के राजाज्ञा संख्या 5098/वि0स0शा0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा विभाग के ढांचे में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग को निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराचंल में सम्मिलित कर लिया गया है। पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के विधान उत्तरांचल राज्य पर भी इन्हें उपान्तरित किये जाने तक लागू है।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा -8(3) के अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पर आधारित वर्ष 2005-06 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन राज्य के विधान सभा पटल पर रखा जा चुका है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2006-07 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा पटल में रखने हेतु प्रस्तुत है।

2- विभागीय प्राधिकार के स्रोत :-

2.1 प्रदेशान्तर्गत अवस्थित स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के संगत नियमों एवं तदधीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में यथास्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं कि निधियाँ **''स्थानीय निधि'' (लोकल** फण्ड) के नाम से जानी जायेगी और उनके लेखाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जायेगी। संहत रुप से सभी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की लेखा परीक्षा अनिवार्य रुप से इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किये जाने की दृष्टि से वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड -5 भाग-1 के पैरा 369 ''के'' में यह प्राविधान किया गया है कि निदेशक द्वारा राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले सभी स्थानीय निकायों/संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा करके अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारुप पर निर्गत किया जायेगा।

इस नियम में यह भी व्यवस्था है कि भारत सरकार की और से इन स्थानीय निकायों/संस्थाओं के कार्यकलाप पर दृष्टि रखने के लिए निदेशक द्वारा वर्षान्त में संहत रुप से वर्षान्तर्गत स्वीकृत अनुदान के उपभोग की स्थिति से महालेखाकार को सूचित किया जायेगा, जिससे शासन द्वारा प्रदेश के लोक सेवा निधि से स्वीकृत किये गये अनुदानों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट हो सके कि सम्बन्धित निकायों/संस्थाओं द्वारा इन अनुदानों का उपभोग उन्ही

प्रयोजनों के निमित्त किया गया है अथवा नहीं, जिनके लिये वे स्वीकृत किये गये थे तथा उन संगत नियमों का पालन किया गया है अथवा नहीं, जिनके अन्तर्गत उन्हें उक्त धनराशियों का उपभोग करना था। शर्तो एवं प्रतिबन्धों के उल्लंघन की स्थिति से प्रतिवेदन में यथास्थान उल्लेख किया गया है।

2.2 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा नियम 1984 (उत्तर प्रदेश के अधिनियम संख्या 12 सन् 1984) जोकि दिनांक 30 अप्रैल, 1984 से प्रवृत्त हुआ तथा जो नवसृजित उत्तरांचल राज्य में भी समान रुप से प्रभावी है, की धारा-4(2) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी स्थानीय निकायों एवं अनुदानित संस्थाओं की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जानी है।

3- सम्परीक्षाधीन लेखे -

3.1 वर्ष में 2006-07 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या 948 थी। उप सम्परीक्षा से सम्बन्धित 932 संस्थाओं के विवरण संलग्न **परिशिष्ट ''क'' भाग-1** में दिये गये हैं। शेष सम्वती सम्परीक्षा एवं शतप्रतिशत लेखा परीक्षा से सम्बन्धित 16 संस्थाओं की सूची **परिशिष्ट ''क'' भाग-2** के रुप में संलग्न है।

3.2 सम्परीक्षाधीन प्रमुख स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिसके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, की सूची **परिशिष्ट ''ख''** में दी गई है।

4- सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य : -

4.1 शासन द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को प्रदेश की स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वित्तीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय की सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल

को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नहीं। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरुत्तर दायित्व भी हो जाता है।

4.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप निम्नवत् हैं :-

- 1- सम्परीक्षित स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।
- 2- उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।
- 3- उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।
- 4- सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।
- 5- नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पेंशन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।
- 6- महालेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।
- 7- नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।
- 8- विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।
- 9- सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिये उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- 10- स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवशयकतानुसार प्रशिक्षण देना।
- 11 विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठयाँ आयोजित करना।

- 12- धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।
- 13- प्रभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।
- 14- सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।
- 15- सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमों के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।
- 16- उपर्युक्त स्थानीय निकायों/ संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।
- 17- शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5- <u>प्रभागीय आय-व्ययक :-</u>

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा स्थानीय निकायों स्वायतशासी संस्थाओं व अन्य निगमित एवं अनिगमित संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग के अधीन है।

5.2 इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय-व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निधारित दरों पर किया जाता है, जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें परिशिष्ट ''ग'' उत्तराखण्ड राज्य में लागू है।

<u>6- विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :-</u> वित्तीय वर्ष 2006-07 में विभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है :-

क्र०सं०	वित्तीय वर्ष	व्यय (रुपये	आरोपित सम्प० शुल्क (रु०)
1-	2006-07	1,41,27,065=00	1,16,94,790=00

6.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नहीं की जा सकती है।

7.1- विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था :- उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा० सं० 5058/ वि०शा०स० /2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रुप में कार्यरत है, जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यतः द्वि- स्तरीय है :-

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची परिशिष्ट "घ" में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती कार्यालयों की सूची परिशिष्ट "ड." में दी गयी है।

7.2-1- मुख्यालय स्तर :- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है, जो निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर उत्तराखण्ड हैं जिन्हें अपने कार्यो के साथ-साथ पदेन रुप से कोषाध्यक्ष धर्मादा संदान उत्तराखण्ड तथा भारतीय धर्मादा सन्दान के उत्तराखण्ड वृत्त के कार्यो का भी सम्पादन करना पडता है।

7.2 -2 – मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रुप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर-८ में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बडी संस्थाओं जैसे :- नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पेंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :- लेखा परीक्षाधीन ईकाइयाँ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित है। विभाग के लेखा परीक्षा कर्मी सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यो पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित हैं प्रदेश के 13 जिलों में से अब तक 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं। शेष जनपदों मं अभी तक जनपदीय कार्यालय नहीं खोले जा सके हैं। अतः निकटवर्ती जिला सम्परीक्षा अधिकारी द्वारा ही उन जनपदों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

7.4 – राज्य स्तरीय :- शासनादेश संख्या वि०अनु० -1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उधमसिंह नगर एवं वन विकास निगम नरेन्द्रनगर में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किये गये हैं।

8- विभाग की जनशाक्ति :- वर्ष 2006-07 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्र० सं०	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत संख्या	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1-	समूह ''क''	03	01	33.33
2-	समूह ''ख''	16	07	43-75
3-	**समूह ''ग''**			
	(1) सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	14	10}	
	(2) वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड-१	04	03}	
	(3) वरिष्ठ लेखा परीक्षक	82	14}	22.5
	(4) लेखा परीक्षक	20	00}	
	(5) आशुलिपिक	03	00}	
	(6) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-१	01	00}	
	(7) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-२	03	01}	
	(8) मुख्य सहायक	08	00}	47.5
	(9) प्रवर सहायक	12	12}	
	(10) कनिष्ठ सहायक	16	06}	
	(11) वाहन चालक	03	01	33.33
4-	समूह ''घ''	61	13	21.31
	योग	**246**	**68**	**27.64**

9- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित कार्य :- वर्ष 2006-07 में 77.5 प्रतिशत पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 948 लेखाओं में से 209 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष 739 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित

नहीं करायी जा सकी।

10.1.1 – सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें :-

(क) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2006-07 तक में सम्रीक्षित लेखाओं में उदघाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रु० 32,69,01,879=00 की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है तथा संस्थावार विवरण कार्यकारी खण्ड में दिया गया है।

क्रमांक	शीर्षक	धनराशि (रु० में)
1-	व्यपहरण	213543=00
2-	अधिक/अनियमित/परिहार्य	18836972=00
3-	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें	5235962=00
4-	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	2676874=00
5-	आर्थिक क्षति	77569993=00
6-	राजस्व क्षति	1585855=00
7-	अस्थायी अग्रिम	204524998=00
8-	अनानुमोदित व्यय	16257682=00
	योग	**326901879=00**

(ख) प्रदेश में स्थित सम्परीक्षाधीन संस्थाओं पर 31 मार्च, 2007 तक लम्बित आडिट आपत्तियों का विवरण **परिशिष्ट** "च" में दिया गया है। इसके अनुसार वर्ष में संस्थाओं द्वारा मात्र 4979 आडिट आपत्तियों का निस्तारण कराया गया।

10.1.2 – विशेष सम्परीक्षाऐं :-- प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जॉच संस्था अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2006-07 में लोक सेवा अभिकरण देहरादून वर्ष 2004-05 से 2005-06 तथा नगर पंचायत केलाखेडा वर्ष 2004-05 से 30.5.2006 की विशेष सम्परीक्षा सम्पन्न की गयी।

10.2.1 – सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति :- वर्ष 2006-07 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :-

	(रुपयों में)
01 अप्रैल, 2006 को प्रारम्भिक शेष	67260266=00
वर्ष में स्थापित मॉग	11694790=00

योग	78855056=00
वर्ष में समाहरण	43122183=00
31 मार्च, 2007 को बकाया	**35832873=00**

10.2.2 – उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरुप वर्तमान वित्तीय वर्ष में चार करोड इकत्तीस लाख बाइस हजार एक सौ तिरासी रुपये की वसूली हुई है जिसमे गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है किन्तु यह वसूली कुल बकाया धनराशि की तुलना में सन्तोषजनक नहीं रही। इसका मुख्य कारण वर्तमान में सम्परीक्षा शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में विभाग को विशेष अधिकार प्राप्त न होना है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम – 1984 की धारा 4(4) के अधीन केवल शासन को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सम्बन्धित स्थानीय निधि/ संस्थाओं के बैंकर्स को सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से यह आदेश दे सकते हैं कि उनके बैंक खातों से सम्परीक्षा शुल्क की धनराशि राजकीय कोषागार के निर्दिष्ट लेखा शीर्षक में अन्तरित कर दे। इस सम्बन्ध में उत्तरांचल स्थानीय निधि/निकाय लेखा परीक्षा नियमावली, 2001 का प्रख्यापन अपेक्षित है ताकि शुल्क वसूली हेतु नियमावली के प्राविधानों के अधीन रहते हुए विभाग स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11.1- चैरीटेबुल एण्डाउमेन्ट एक्ट 1890 (एक्ट आफ 1890) की धारा-3 के अधीन उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित न्यासों की परिसम्पत्तियों के लिये निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड को शासनादेश संख्या 163/xxvii(2)/2005 दिनांक 06 अक्टूबर, 2005 द्वारा कोषपाल, खैरासी निधि नियुक्त किया गया है। इनका विवरण परिशिष्ट ''छ'' में दिया गया है।

(1) कोषाध्यक्ष, धर्मादा सन्दान उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद से उत्तराखण्ड की न्यासों की प्रतिभूतियों में जमा धनराशियाँ रु० 985000=00 प्राप्त हो चुकी है, जिन्हें पंजाब नेशनल बैंक देहरादून की विभिन्न शाखाओं में विनियोजित किया गया है।

(2) गढवाल क्षत्रिय एजुकेशन स्कारशिप इण्डाउमेन्ट हेतु वर्ष 2006-07 में संस्था से प्राप्त रु० 10,00,000=00 (रु० दस लाख) पंजाब नेशनल बैंक देहरादून में जमा किया गया।

(3) कोषाध्यक्ष, धर्मादा सन्दान उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद से प्रतिभूतियों का ब्याज रु० 1,07,252=00 से रु० 1,750=00 राजकीय कटौती के पश्चात् शेष धनराशि रु० 1,05,202=00 के

विरुद्ध रु० 92,292=00 के ब्याज भुगतानादेश सम्बन्धित न्यासों को प्रेषित किया गया।

12- <u>लेखाकार परीक्षा का आयोजन :-</u> जिला पंचायतों, नगर पालिका परिषदों एवं जल संस्थानों की लेखाकार परीक्षा के आयोजन कराने की कार्यवाही प्रगति पर है।

13- <u>जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण :-</u> वर्ष 2006-07 में प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :-

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में निस्तारित	अवशेष
शून्य	229	167	62

14- <u>निष्कर्ष :-</u> उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न **परिशिष्ट** ''क'' से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2006-07 में 948 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। जनशक्ति की भारी कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरियता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए मात्र 209 लेखाओं की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित **रु० 32,69,01,879=00** की गम्भीर वित्तीय अनियमिततायें प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग, अधिक एवं अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की क्षति आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

(यशपाल सिंह)
निदेशक

2- कार्यकारी खण्ड

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तराखण्ड

(वर्ष 2006-07)

वर्ष 2006-07 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उदघाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं। इन वित्तीय अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशियों के संस्थावार विवरण निम्न प्रकार हैं :-

क्र० सं०	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि (रु० में)
1	नगर पालिका परिषदें	16052801=00
2	नगर पंचायतें	3318996=00
3	वन विकास निगम	26998417=00
4	हायर सेकेण्ड्री/ इण्टर कालेज	73942=00
5	विश्वविद्यालय	251801692=00
6	मन्दिर समितियाँ	2700695=00
7	बेसिक शिक्षा समितियाँ	----
8	विकास प्रधिकरण	2174392=00
9	उत्तरांचल कृ०उ०मण्डी परिषद	4296879=00
10	कृ०उ०मण्डी समितियाँ	19074184=00
11	उत्तराखण्ड लोक सेवा अभिकरण	409881=00
12	राष्ट्रीय सेवा योजना	----
13	डिग्री कालेज	----
14	संस्कृत महाविद्यालय	----
	योग	**326901879=00**

टिप्पणी :- विस्तृत विवरण **परिशिष्ट** ''ज'' में दिया गया है।

वर्ष 2006-07 में सम्पन्न सम्परीक्षायें

नगर पालिका परिषदें

नगर पालिका परिषद ऋषिकेश (देहरादून) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- कर्मचारियों के वेतन भत्ते पर रु० 69612=00 प्राप्त पाकिंग शुल्क से अधिक भुगतान किया गया।

भाग-दो (ब) प्रस्तर 13

नगर पालिका परिषद मसूरी (देहरादून) वर्ष 2004-05 :-

आर्थिक क्षति :- (क) कम्पनी बाग़ स्थित कर्मचारी कालोनी के मरम्मत कार्य को समय से समाप्त न करने से दण्ड की धनराशि वसूल न करने से पालिका को रु० 59100=00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग-दो (अ) प्रस्तर (क)

(ख) विभिन्न मदों के कम दर से लाइसेंस बनाये जाने से पालिका को रु० 516750=00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग-दो (अ) प्रस्तर (ड.)(2)

नगर पालिका परिषद मसूरी (देहरादून) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- पद सृजित न होने पर भी दैनिक वेतन पर सफाई कर्मचारी नियुक्त करके परिषद द्वारा रु० 37440=00 का अनियमित भुगतान किया गया।

भाग-दो (अ) प्रस्तर 1(viii)

(ख) राजकीय अनुदानों सम्बन्धी अनियमिततायें :- पालिका द्वारा निर्दिष्ट उद्देश्यों से भिन्न सड़क एवं नाली निर्माण करके रु० 120854=00 के राजकीय अनुदान का विचलन किया गया।

भाग-दो (अ) प्रस्तर 1(xiii)

नगर पालिका परिषद श्रीनगर (पौड़ी) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- मै० अमित ट्रेडर्स ऋषिकेश की न्यूनतम दरों को, फर्म का आयकर विभाग में पंजीकरण न होने के कारण विचार नहीं किया गया। फलस्वरुप रु० 38000=00 का अधिक भुगतान हुआ।

भाग-दो (अ) प्रस्तर 1

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें :- श्री एम०एल० शाह, अधिशासी अधिकारी को 4500-7000 के स्थान पर 8000-13500 में कार्यरत दर्शाकर अगस्त, 2001 से जुलाई, 2005 तक रु० 140400=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -6

नगर पालिका परिषद पौड़ी वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- शो टैक्स दर रु० 40=00 को शिथिल कर रु० 20=00 करने से पालिका को रु० 12540=00० की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -8(ग)

नगर पालिका परिषद कोटद्वार (पौड़ी) वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- श्री रत्नाकर लाहड़ी से 05 दुकानों का किराया रु० 216960=00 न वसूले जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(1)

नगर पालिका परिषद दुगड्डा (पौड़ी) वर्ष 2005-06 :-

(क) आर्थिक क्षति :- (1) गृहकर का कम निर्धारण किये जाने से पालिका को रु० 9543=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -6(क)

(2) व्यवसायिक लाइसेंसों के कम बनाये जाने से रु० 1650=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -6(ख)

(ख) राजस्व क्षति :- पालिका द्वारा ठेकेदारों से काटी गई आयकर एवं व्यापार कर की कटौती रु० 15020=00 को राजकोष में जमा नहीं किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -6(ग)

(ग) राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें :- वर्ष 2003-04 एवं 2004-05 में ग्यारहवें वित्त आयोग से प्राप्त रु० 350158=00 के उपभोग हेतु 50 प्रतिशत पालिका का अंशदान रु० 175079=00 नहीं लगाये जाने से अनुदान की शर्त का विचलन किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -9

नगर पालिका परिषद काशीपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 से 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (१) श्री जगदीश सिंह विष्ट ठेकेदार को रु० 29877=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -2(ख)

(2) श्री चन्द्रकान्त गुप्ता, अवर अभियन्ता से भवन किराया की वसूली न करने से रु० 32071=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -2(ग)

(ख) आर्थिक क्षति :- (1) ठेकेदारों से रु० 83156=00 की वसूली न करने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(ग)

(2) कर में अनियमित छूट से पालिका को रु० 13000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(घ)

(3) ठेकेदारों से विलम्ब दण्ड न काटे जाने से हुए अधिक भुगतान के फलस्वरुप पालिका को रु० 106400=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(ज)

(4) गृहकर वसूल न किये जाने से पालिका को रु० 54808=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(ड.)

(ग) राजस्व क्षति :- (1) निर्धारित मूल्य के स्टाम्प न लगाने से रु० 110788=00 की राजकीय राजस्व की हानि हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -3(च)

(2) व्यापार कर रु० 24810=00 की अपवंचना की सम्भावना।

भाग-दो (अ) प्रस्तर -1(छ)

नगर पालिका परिषद गदरपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) सफाई व्यवस्था ठेके के माध्यम से करवाये जाने से रु० 177600=00 का अनियमित एवं परिहार्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(1)

(2) अधिशासी अधिकारी को रु० 907=00 अन्य भत्तों का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(4)

(3) राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष रु० 564071=00 का अमान्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(11)

(ख) आर्थिक क्षति :- सर्वे के आधार पर प्रस्तावित गृहकर रु० 1307943=00 को बिना किसी ठोस आधार के रु० 591388=00 तक कम किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(5)

(ग) राजस्व क्षति :- राजस्व ठेकों हेतु निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपरों में अनुबन्ध न कराये जाने से रु० 39875=00 राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(6)

(घ) राजकीय अनुदानों सम्बन्धी अनियमिततायें :- ग्यारहवें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष रु० 348432=00 बिना मैचिंग शेयर लगाये उपभोग किया गया जाना अनुदान की शर्तो का उल्लंघन था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(8)

नगर पालिका परिषद काशीपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2002-03 से 2003-04 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) सफाई कर्मचारियों को अनुमन्य से अधिक रु० 13080=00 गृह किराये का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(2)

(2) सफाई ठेकेदार को रु० 12276=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(3)

(3) संविदा कर्मियों को शासनादेश/बोर्ड की स्वीकृति बिना रु० 189621=00 मानदेय का अमान्य भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(29)

(ख) आर्थिक क्षति :- (1) पंचवर्षीय गृहकर निर्धारण समय से न करने के कारण रु० 115608=00 आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(6)

(2) होर्डिंग ठेकेदार को अनियमित छूट के फलस्वरुप पालिका को रु० 13000=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(7)

(3) मैक्सफाल्ट आपूर्ति में ठेकेदार से खाली ड्रम के मूल्य की कटौती न करने से रु० 76200=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(8)

(4) श्री ईश्वर सिंह पूर्व अभियन्ता द्वारा पालिका का आवास खाली न करने से रु० 142100=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(9)

(5) कर्मचारियों/अधिकारियों से विद्युत व्यय की वसूली न करने से रु० 71050=00 की पालिका को क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(10)

(6) दाखिल खारिज शुल्क न लेने से पालिका को रु० 183029=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(11)

(7) टैक्स कमेटी द्वारा वार्षिक मूल्य अनियमित रुप से कम करने से पालिका को रु० 40247=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(19)

(8) समय-समय पर अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों को भी सन्तोषप्रद सेवा न होने के कारण अनियमित ढ़ग से बोनस भुगतान करने से पालिक को रु० 64142=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(22)

(ग) राजस्व की क्षति :- निर्धारित दरों से कम स्टाम्प लगाने से रु० 326761=00 राजकीय राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(27)

नगर पालिका परिषद बाजपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान:-दैनिक वेतन भोगी स्वच्छकारों पर रु० 351960=00 अनियमित व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(1)

(ख) राजस्व क्षति :- पालिका द्वारा विभिन्न ठेकों में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध न कराये जाने से रु० 148720=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(3)

नगर पालिका परिषद रुद्रपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 से 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) शासन द्वारा प्रतिबन्ध के वाबजूद दैनिक वेतन पर की गई नियुक्ति के फलस्वरुप रु० 31060=00 अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(1)

(2) गृहकर किराये के रुप में रु० 1160=00 अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(12)

(ख) आर्थिक क्षति :- (1) मीट लाइसेन्स न बनाये जाने से पालिका को रु० 10900=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(8)

(2) पावर लाइसेन्स न बनाये जाने से पालिका को रु० 15500=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(9)

(3) राजस्व मदों की वसूली न करने से रु० 156000=00, 50000=00, 205100=00, 195000=00 कुल रु० 606100=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(8)(1)(2)(3)(4)

नगर पालिका परिषद सितारगंज (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 :-

(क) राजस्व की क्षति :- निर्धारित मूल्य से कम के स्टाम्प लगाने से रु० 15000=00 के राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(4)

(ख) आर्थिक क्षति :- निर्धारित दरों पर लाइसेन्स शुल्क न लिये जाने से रु० 20935=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ख)

नगर पालिका परिषद किच्छा (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों पर किया गया भुगतान रु० 284736=00 अनियमित था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(क)

(ख) राजस्व क्षति :- (1) व्यापार कर रु० 309786=00 राजकोष में जमा न किये जाने से राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(क)

(2) श्री मिस्वाउद्दीन ठेकेदार के बिल से व्यापार कर रु० 9744=00 की कटौती न किये जाने से राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ख)

(3) स्टाम्प पेपरों पर अनुबन्ध न किये जाने से रु० 155030=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(घ)

(4) आयकर, व्यापार कर की कटौती न किये जाने से रु० 13654=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ग)

(ग) आर्थिक क्षति :- (1) त्रुटिपूर्ण गृहकर निर्धारण के फलस्वरुप पालिका को रु० 169607=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(च)

(2) व्यवसायिक लाइसेन्सों के नवीनीकरण न कराये जाने के फलस्वरुप रु० 11315=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(छ)

(घ) अस्थायी अग्रिम :- वर्षान्त में रु० 33296=00 के अस्थायी अग्रिम असमायोजित थे।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)

नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) दैनिक वेतन क फलस्वरुप रु० 842151=00 का अमान्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(अ)

(2) बजट प्राविधान से अधिक रु० 1586140=00 अमान्य व्यय किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(द)

नगर पालिका परिषद पिथौरागढ वर्ष 2003-04 से 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- पार्किंग शुल्क की वसूली हेतु दिये गये ठेकों के सापेक्ष रु० 93948=00 विभिन्न ठेकेदारों से वसूली न किये जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)(1)

नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत) वर्ष 2004-05 से 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- विभिन्न ठेकों का रु० 369508=00 कई वर्षों से वसूल न किये जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(स)(3)(ब)

नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर (टिहरी) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- दैनिक वेतन भोगियों पर रु० 270100=00 पर अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –5(1)

नगर पालिका परिषद नई टिहरी वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) अध्यक्ष के आवास के समाचार पत्र का रु० 1265=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4(क)

(2) अध्यक्ष के आवासीय टेलीफोन पर रु० 2695=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4(ख)(1)

(3) नव वर्ष ग्रीटिंग कार्ड पर रु० 420=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –2(ख)(2)

(4) सीवर व्यवस्था पर दैनिक मजदूरों पर रु० 144000=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –2(ख)(3)

(5) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर रु० 1872100=00 का भुगतान किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(1)

(6) परिषद को स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारी के कार्यरत होने के कारण रु० 12500=00 का अनानुमोदित व्यय हुआ।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –2(अ)

(ख) आर्थिक क्षति :- (1) किराया दरों में कटौती से रु० 43440=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(1)

(2) कम दर से लाइसेंस शुल्क वसूली से रु० 9300=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)(आ)

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर (चमोली) वर्ष 2004-05 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- बिना पद सृजन के कर्मचारियों को दैनिक वेतन /संविदा पर नियुक्त किये जाने से रु० 304200=00 के पारिश्रमिक का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर (चमोली) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- बिना पद सृजन के कर्मचारियों को दैनिक वेतन/संविदा पर नियुक्त किये जाने से रु० 302000=00 के पारिश्रमिक का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(छ)

नगर पालिका परिषद नैनीताल वर्ष 2004-05 :-

(क) आर्थिक हानि :- (1) वर्ष 1999-2001 की तुलना में लाजिंग लाइसेंस कम बनने से पालिका को रु० 113800=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(ख)

(2) जिला स्पोर्टस एसोसियेशन से पालिका नैनीताल का अंश रु० 1684583=00 न वसूलने से आर्थिक क्षति हुई।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(ग)

(ख) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन रु० 192552=00 का भुगतान किया जाना था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(घ)

(2) सफाई कर की राशि माफ किये जाने से रु० 14560=00 की हानि हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(ख)

नगर पालिका परिषद भवाली (नैनीताल) वर्ष 2004-05 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) यात्रा हेतु पूरी टैक्सी का भुगतान रु० 3500=00 किया जाना अनियमित था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1

(2) ठेकेदार को निर्माण कार्य हेतु रु० 5497=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(क)

<u>नगर पालिका परिषद उत्तरकाशी वर्ष 2005-06 :-</u>

<u>अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-</u> दैनिक वेतन/संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के वेतन आदि पर रु० 140736=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4(ब)

नगर पंचायतें

नगर पंचायत हर्बटपुर (देहरादून) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- कर्मचारियों को वाहन भत्ते के रुप में रु० 4200=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(क)

नगर पंचायत शक्तिगढ़ (उधमसिंहनगर) वर्ष 2004-05 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) श्री भूपेन्द्र राय ठेकेदार को कार्यो का रु० 13242=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –(3)

(2) असृजित पदों पर नियुक्ति के फलस्वरुप रु० 291855=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –5(ख)

नगर पंचायत चम्पावत वर्ष 2004-05 से 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) खैतीखान रोड मिलान से पी०एन० सती के घर तक सीमेन्ट कंकरीट रोड व नाली निर्माण कार्य में रु० 3812=00 का परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ग)(2)

(2) दैनिक/ संविदा पर नियुक्ति पर प्रतिबन्ध के उपरान्त भी नियुक्ति करने से रु० 499043=00 का अनियमित वेतन भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(क)(2)(3)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितातायें :- श्री प्रकाश चन्द्र हरबोला, अधिशासी अधिकारी को वेतन के रुप में रु० 28412=00 अधिक तथा रु० 13843=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(क)(1)

(ग) आर्थिक क्षति :- व्यवसायिक लाइसेन्स न बनाये जाने से रु० 14000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)

<u>नगर पंचायत धारचूला (पिथौरागढ) वर्ष 2005-06 :-</u>

<u>अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-</u> निर्धारित अवधि से पहले समयमान वेतनमान के अन्तर्गत एक वेतन बृद्धि देने से रु० 13768=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)(1)

<u>नगर पंचायत डीडीहाट (पिथौरागढ) वर्ष 2002-03 से 2005-06 :-</u>

<u>(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-</u> (1) दैनिक भत्ता एवं सड़क मील भत्ता के रुप में रु० 7774=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)

(2) चिकित्सा व्यय पूर्ति हेतु बिलों की छायाप्रति के माध्यम से रु० 9148=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –१(क)(2)

(3) त्रुटिपूर्ण वेतन भुगतान के फलस्वरुप रु० 117639=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)(1)(2)(3)(6)

<u>(ख) व्यपहरण :-</u> रसीदों से प्राप्त आय रु० 3723=00 को न तो रोकड़बही में और न ही बैंक में जमा कर, व्यपहरण कर ली गयी थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ग)(1)

<u>नगर पंचायत मुनि की रेती (टिहरी) वर्ष 2005-06 :-</u>

<u>(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-</u> दैनिक वेतन/संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति पर शासन द्वारा प्रतिबन्ध के वाबजूद ऐसी नियुक्ति किये जाने से रु० 15881=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(2)

<u>(ख) आर्थिक क्षति :-</u> अनुबन्ध की शर्त के अनुसार ठेकेदार द्वारा समय से किस्त न जमा करने से अर्थदण्ड के रुप में रु० 55121=00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(क)(अ)(1)

<u>नगर पंचायत चम्बा (टिहरी) वर्ष 2005-06 :-</u>

<u>(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :-</u> दैनिक वेतन/संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों पर रु० 38480=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5

(ख) व्यपहरण :-: तहबाजारी शुल्क रु० 215=00 को पंचायत निधि में जमा न कर व्यपहरित कर ली गयी थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(क)

नगर पंचायत देवप्रयाग (टिहरी) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) बकाये के रुप में गृह किराये का रु० 12525=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(क)(1)

(2) सफाई कर्मचारियों आदि पर रु० 164250=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(क)(3)

नगर पंचायत कीर्तिनगर (टिहरी) वर्ष 2005-06 :-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- संविदा पर नियुक्ति के फलस्वरुप रु० 12,600=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(2)

नगर पंचायत रुद्रप्रयाग वर्ष 2004-05 :-

आर्थिक क्षति :- ठेकेदारों से वसूली न किये जाने से पंचायत को रु० 52175=00 की हानि हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ख)

नगर पंचायत लालकुंआ (नैनीताल) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- 2100 कार्ड छपाई का पंचायत निधि से भुगतान रु० 9450=00 किया जाना अनियमित था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(2)

(ख) आर्थिक क्षति :- लाइसेन्स न बनाये जाने से रु० 8700=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –(9)

नगर पंचायत कालाढुंगी (नैनीताल) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) बिना प्राविधान के कार्य हेतु रु० 1700=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –7(1)

(2) बिना प्राविधान के स्टील आयरन का कार्य कराने से रु० 1895=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –३(2)

(ख) आर्थिक क्षति :- (1) दुकानों का प्रीमियम न लेने से रु० 13000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(1)

(2) गृहकर की वसूली न करने से रु० 448111=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(1)

(ग) राजस्व की क्षति :- निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध न कराये जाने से रु० 3458=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(2)

नगर पंचायत भीमताल (नैनीताल) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) नाली खडंजा की सफाई हेतु किया गया भुगतान रु० 23162=00 अमान्य था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4(क)

(2) अवर अभियन्ता को वाहन भत्ते का रु० 780=00 का भुगतान अनियमित था। यह केवल निर्धारित कर्मचारियों को ही देय था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(1)

(3) नक्शा बनाने, देहरादून यात्रा हेतु रु० 7000=00 का भुगतान बिना देयकों के किया जाना अनियमित था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(5)

(ख) आर्थिक क्षति :- ठेकेदार से पार्किंग शुल्क की पूर्ण धनराशि न वसूले जाने से रु० 500=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(2)

नगर पंचायत लक्सर (हरिद्वार) वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- गृहकर वसूली में छूट दिये जाने से रु० 2006=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ख)

नगर पंचायत शक्तिगढ (उधमसिंहनगर) वर्ष 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) अधिशासी अधिकारी को रु० 159436=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(2)

(2) असृजित पदों पर रु० 347417=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(4)

(ख) आर्थिक क्षति :- तहबाजारी की नीलामी में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर न लगाने से रु० 15300=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(5)

नगर पंचायत केलाखेड़ा (उधमसिंहनगर)(विशेष सम्परीक्षा वर्ष 2004-05 से 2005-06 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान /परिहार्य व्यय :- (1) संविदा एवं दैनिक वेतन पर नियुक्ति से रु० 264048=00 का अनियमित एवं परिहार्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1

(2) यात्रा भत्ता के रुप में रु० 14218=00 का अनियमित व अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –2

(3) नगर पंचायत में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिक नियुक्ति से रु० 170962=00 का परिहार्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –16

(4) तकनीकी रुप से प्रमाणित कराये बिना स्वागत द्वार की रँगाई-पुताई पर रु० 49800=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –24

(ख) राजस्व क्षति :- निर्धारित दर से कम स्टाम्प लगाने से रु० 45760=00 के राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –14

(ग) अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें :- दैवीय आपदा व पर्यटन विकास अनुदान स्वीकृत सीमा व अनियमित रुप से व्यय कर रु० 203804=00 व 1108187=00 अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –23 व 24

नगर पंचायत बड़कोट (उत्तरकाशी) वर्ष 2005-06 :-

व्यपहरण :- चूना बैगों का मूल्य रु० 500=00 के स्थान पर रु० 1500=00 दिखाकर रु० 1000=00 व्यपहरण कर लिया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(1)

विश्वविद्यालय

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (पौड़ी) वर्ष 2003-04 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) नैत्यिक प्रकृति के कार्यो हेतु रु० 810910=00 का मानदेय का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –11

(2) मूल्यांकन प्रभारियों को पारिश्रमिक दिये जाने से रु० 277860=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –12

(3) बी०एड० अंकतालिका मिलान कार्य हेतु अधिक दर से भुगतान के फलस्वरुप रु० 12272=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –13

(4) छात्र संघों के कार्यक्रम पर बिना बजट रु० 424378=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –14

(5) परीक्षा कार्य में प्रयुक्त टैक्सी को 13 दिन रोककर रु० 11657=00 का परिहार्य व्यय हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –15

(6) कुलपति के सुरक्षा गार्ड को अनियमित एवं अधिक रु० 21497=00 यात्रा भत्ता का भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –16

(7) सहायक छात्रावास अधीक्षक को मकान किराया रु० 11446=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –17

(8) परीक्षा पर्यवेक्षक को रु० 40=00 के स्थान पर रु० 200=00 प्रतिपाली की दर से रु० 2880=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –28

(9) बिना शासन की अनुमति के परीक्षा पारिश्रमिक की दर में भारी बृद्धि कर रु० 978589=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –30

(ख) अधिष्ठान से सम्बन्धित अनियमिततायें :- (1) डा० श्रीमती रुक्मा रावत को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णय के विपरीत रु० 280066=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –20

(2) जी०पी०एफ० खाते में संचित धनराशि से अधिक भुगतान करने से रु० 20481=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –26

(3) द्विभाषीय टंकण प्रोत्साहन भत्ता विश्वविद्यालय कर्मचारियों पर लागू न होने से रु० 26735=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –19

(ग) आर्थिक क्षति :- (1) स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों से प्राप्त आय का 40 प्रतिशत से कम धनराशि विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित करने से रु० 186314=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –24

(2) अंक पत्र लेखन व मिलान कार्य हेतु उच्च पारिश्रमिक दर से भुगतान के फलस्वरुप रु० 135102=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –21

(घ) अस्थायी अग्रिम :- अस्थायी अग्रिम समायोजन न करने से रु० 21895109=00 के दुरुपयोग किये जाने की सम्भावना थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –8

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर (सामान्य लेखा) 2002-2003 :-

(क) व्यपहरण :- फसल उत्पादन केन्द्र तथा बीज उत्पादन केन्द्र के बीजों की बिक्री आदि एवं शेष बीजों का भण्डार में वापसी न दिखाये जाने से रु० 93823=00 मूल्य के बीजों का व्यपहरण हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1,2,3,4,5

(ख) अनानुमोदित व्यय :- टीचर्स पर्सनल का पारिश्रमिक वेतन एवं भत्ते मद से दिया जाना व पद न होने पर भी वेतन भोगियों पर रु० 16257682=00 का अनानुमोदित व्यय हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –7,8,9,10

(ग) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें :- (1) अनियमित रुप से अधिक उपार्जित अवकाश जमा कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण के रुप में रु० 108991=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –11,12,13,14,15, 19,25,39,42,49

(2) वेतन बिलों से मकान किराया, जल मूल्य की कटौती न करने से रु० 74235=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –71

(घ) आर्थिक क्षति :- (1) पुस्तकों एवं बीजों की उधार बिक्री की धनराशि वसूल न किये जाने से विश्वविद्यालय को रु० 6208147=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –51,58,65

(2) कम्प्यूटर चोरी के अवशेष मूल्य की वसूली एजेन्सी से न किये जाने से रु० 67205=00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –67

(3) अतिथि गृहों में आने वाले अतिथियों से आवास किराया न लिये जाने से रु० 55775=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –57

(4) सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के आवासों में अवैध अध्यासन से रु० 872899=00 की क्षति हुई।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –68

(5) विशेष मानदेय, अतिकाल भत्ते के अनियमित भुगतान से रु० 834267=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –84, 89

(ङ) राजस्व क्षति :- अनाजों की खुली नीलामी से मण्डी शुल्क वसूल न किये जाने से रु० 54051=00 की राजस्व क्षति हुई।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –59, 66

(च) अधिक/अनियमित/अमान्य व्यय :- (1) विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह पर आई० पी०एम० परियोजना पर भारित कर रु० 200000=00 का व्यय अमान्य था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –95

(2) ग्लास हाउस – रिनोवेशन कार्य को उच्च दर पर स्वीकार कर कार्य हेतु रु० 138040=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –102

(छ) अनुदान सम्बन्धी अनियमिततायें :- (1) अनुसंधान केन्द्र नगीना में जलापूर्ति हेतु अधूरा ओवर हैड टैंक बनाने से रु० 786020=00 अनुदान का दुरुपयोग हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –111

(2) विश्वविद्यालय आयोनेत्तर मद में आय/प्राप्त के सापेक्ष रु० 95768513=00 अनुदान शर्तो का विचलन हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –112

(3) ए०आई०सी०आर०पी० परियोजना हेतु प्राप्त अनुदान से रु० 60000=00 चिकित्सा अग्रिम का अनियमित भुगतान करके अनुदान का विचलन किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –113

(ज) अस्थायी अग्रिम :- कार्यरत /सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों को दिये गये रु० 181928416=00 के अग्रिमों का समायोजन नहीं किये जाने से दुरुपयोग की स्थिति विद्यमान थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –118

गोबिन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर (फार्म लेखा) वर्ष 2002-03 :-

(क) व्यपहरण :- निर्धारित मानक से अधिक गेहूं बीज बोये से रु० 113899=00 के बीज का दुर्विनियोग हुआ था।

प्रस्तर –1(झ)

(ख) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) अदेयत्त प्रमाण पत्र के वाबजूद रु० 345466=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

प्रस्तर –1(फ)

(2) कर्मचारियों को अतिकाल भत्ते रु० 48335=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

प्रस्तर –1(द)

(3) कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मानदेय एवं टेलीफोन भत्ते के रुप में रु० 63202=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

प्रस्तर –1(च)

(ग) आर्थिक क्षति :- (1) मानक से कम उत्पादन से रु० 17884078=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

प्रस्तर –1(ज)

(2) नीलामी में कम गेहूं जीन्स आपूर्ति करने से रु० 91434=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

प्रस्तर –1(घ)

(3) उर्द बीज का खेतों में जमाव न होने से रु० 54267=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

प्रस्तर –1(ग)

(4) घासफूस ठेके रु० 197000=00 के विरुद्ध मात्र रु० 137250=00 प्राप्त होने से रु० 59750=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

प्रस्तर –1(छ)

(घ) राजस्व की क्षति :- 74.23 है० भूमि को रु० 1415897=00 में लीज पर देने से स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध के रुप में रु० 176987=00 के राजस्व की क्षति हुई थी।

प्रस्तर –1(त)

विकास प्राधिकरण

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून वर्ष 2004-05 :-

(क) अधिक /अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) प्राधिकरण द्वारा नगर निगम को ट्रेफिक लाइट मरम्मत हेतु रु० 1500000=00 का परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1,5

(2) यातायात सलाहकार की संविदा पर नियुक्ति करने के कारण रु० 16000=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1,6(क)

(3) अतिरिक्त कार्य पर निविदा शर्त के अनुसार दर कम न करने से रु० 47348=00 का अधिक एवं अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1,9(ख)

(ख) आर्थिक क्षति :- सम्पत्ति मूल्य की कम गणना करने से रु० 433943=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4(क)

नैनीताल झील परिक्षेत्र विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण नैनीताल वर्ष 2003-04 से 2004-05 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) मै० इन्टेक दिल्ली के प्रस्ताव में सर्वे का उल्लेख न होने पर भी रु० 150000=00 का अनियमित रुप से भुगतान किया गया था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(1)

(2) कम्प्यूटर आपरेटर/प्रोग्रामर के कार्यो हेतु फर्मो को रु० 12806=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(2)(1)(2)

(3) नगर पालिका परिषद हेतु रु० 2495=00 का पेन्ट खरीदा जाना अनियमित था।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(5)

(ख) राजस्व क्षति :- आवेदित मानचित्रों की सम्पूर्ण भूमि की रजिस्ट्री न होने से रु० 11800=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(16)

उत्तरांचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद

उत्तरांचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05 :-

(क) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- (1) मण्डी भवन निर्माण के नवें चालू देयक से सरिया का मूल्य न वसूलने से रु० 169417=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(1)

(2) सिविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा को सम्पर्क मार्ग हेतु रु० 318750=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(2)

(3) स्थानीय कटान से उपलब्ध पत्थर प्रयुक्त न करने से ठेकेदारों को रु० 1081647=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो(अ) प्रस्तर– 1(4)(क)(ख)(ग)(घ)(ड.)

(4) रोलिंग टेरेन क्षेत्रों में पर्वतीय क्षेत्र की अनुबन्ध ढुलान दर पर दिये जाने से ठेकेदारों को रु० 604516=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो(अ) प्रस्तर– 1(6)(क)(ख)(ग)(घ)(ड.)

(5) दोहरे भुगतान व स्टोन ढुलाई अधिक दर से करने से कुल रु० 302184=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(9)

(6) प्रतिबन्ध के वाबजूद दैनिक वेतन/वर्कचार्ज कर्मचारियों की नियुक्ति के फलस्वरुप रु० 347710=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(12)

(7) स्वीकृत लम्बाई से अधिक सड़क निर्माण से रु० 472562=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(13)

(8) ठेकेदार को 1940 बैग सीमेन्ट रु० 140=00 प्रति बैग की दर से रु० 217600=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(15)

(9) तीन रोप वे हेतु पृथक ढुलान हेतु रु० 100000=00 का परिहार्य व्यय किया गया था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(16)

(10) श्री एस०एस० परमार को दिल्ली, मुम्बई, देहरादून उपचार कराने पर रु० 100721=00 के सापेक्ष रु० 250014=00 चिकित्सा प्रतिपूर्ति कर रु० 149293=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(19)

(ख) आर्थिक क्षति :- परिषद के निर्माण खण्ड द्वारा विनियोजनों को विलम्ब से भुनाये जाने के कारण रु० 88695=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(3)

(ग) अस्थायी अग्रिम :- श्री एस०एस० परमार से अग्रिमों का समायोजन न करने से रु० 317111=00 के दुरुपयोग की स्थिति विद्यमान थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(16)

(घ) राजस्व क्षति :- विद्युत कार्य सम्बन्धी ठेकेदार से कम दर पर व्यापार कर की कटौती से रु० 127394=00 के राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(5)

कृषि उत्पादन मण्डी समितियॉं

कृषि उत्पादन मण्डी समिति किच्छा (उधमसिंह नगर) वर्ष 2005-06:-

आर्थिक क्षति :- (1) परिसम्पत्तियों से किराया वसूल न किये जाने से रु० 212575=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(क)

(2) मण्डी शुल्क विलम्ब से जमा होने पर फर्मो से ब्याज न लिये जाने से रु० 19102=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ग)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति खटीमा (उधमसिंह नगर) वर्ष 1999-2000 से 2005-06:-

अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान :- निलम्बन अवधि का वेतन रु० 67052=00 मण्डी समिति खटीमा से किया जाना अनियमित था।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –4

आर्थिक क्षति :- (1) दुकान किराये पर न दिये जाने से रु० 12816=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(क)

(2) किराये की भारी धनराशि रु० 442835=00 बकाया रहने से समिति को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(ख)

(3) लाइसेंसों के नवीनीकरण न कराये जाने से रु० 50050=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(ग)

(4) मण्डी शुल्क, विकास सैस का बकाया रहने से समिति को क्रमश: रु० 742970=00 एवं रु० 113257=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(घ)

(5) ब्याज कम लेने से समिति को रु० 14866=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –5(द)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति सितारगंज (उधमसिंह नगर) वर्ष 2004-05:-

आर्थिक क्षति :- (1) परिसम्पत्तियों का किराया वसूल न किये जाने से रु० 675154=00 की समिति को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –(6)

(2) दुकानों का आवंटन न किये जाने से रु० 714000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(अ)

(3) मण्डी शुल्क एवं विकास सैस रु० 462159=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –1(क)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति गदरपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- मण्डी शुल्क विकास सैस बकाया न वसूलने से रु० 1587923=00 की क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ब)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति रुद्रपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- (1) लाइसेंसों का नवीनीकरण न करने से रु० 10200=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(क)

(2) दुकानों का किराया न वसूलने से रु० 339591=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ख)

(3) मण्डी शुल्क एवं विकास सैस रु० 10264725=000 की वसूली न करने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(घ)

(4) दुकानों का आवंटन न करने से समिति को रु० 170982=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (अ) प्रस्तर –6(ग)

कृषि उत्पादन मण्डी समिति हरिद्वार वर्ष 2005-06 :-

आर्थिक क्षति :- (1) विलम्ब से व्यापारियों से ब्याज वसूले जाने से रु० 833=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग-दो (ब) प्रस्तर –1(ग)

(2) लाइसेंसों के नवीनीकरण न करने से रु० 1550=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

